nandgaon times oct-19-4.qxd 10/18/2026 10:26 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम... पृष्ठ 2 | खैरागढ़ में झोलाछाप डॉक्टरों पर... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

सोमवार, 19 अक्टूबर 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 51, अंक 11, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के विभिन्न गरबा एवं नवरात्रि महोत्सवों में हुए शामिल, प्रदेशवासियों को दी नवरात्रि की शुभकामनाएं

रायपुर। नवरात्रि का पावन पर्व शक्ति की आराधना के साथ नारी शक्ति के सम्मान, सामाजिक एकता और हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति का स्वरूप माना गया है। हमारी सरकार इसी भावना के अनुरूप माताओं-बहनों के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महिलाओं की प्रगति केवल एक परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और प्रदेश की प्रगति का आधार है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर में आयोजित विभिन्न गरबा एवं नवरात्रि महोत्सवों में शामिल होकर प्रदेशवासियों को नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय कालीबाड़ी स्थित मां काली मंदिर पहुंचे और माता के दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही वे मंडी परिसर में श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज द्वारा आयोजित श्री पाटीदार नवरात्रि महोत्सव, भानपुरी में श्री कच्छ कड़वा पाटीदार समाज के गरबा समारोह, गोवर्धन नगर में श्री कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव तथा अमलीडीह क्षेत्र में आयोजित ढोलिडा रास गरबा-2026 सहित विभिन्न आयोजनों में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नवरात्रि के अवसर पर पूरे देश और प्रदेश में भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत वातावरण निर्मित होता है। नौ दिनों तक शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना हमें जीवन में साहस, संयम, सकारात्मकता और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने के साथ समाज में प्रेम, सद्भाव और समरसता की भावना को भी मजबूत करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गरबा केवल नृत्य का आयोजन नहीं, बल्कि मां दुर्गा के प्रति हमारी श्रद्धा और भक्ति की सुंदर अभिव्यक्ति है। गुजरात से प्रारंभ हुई गरबा की समृद्ध परंपरा आज पूरे देश में उत्साह और उमंग के साथ मनाई जाती है। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता में एकता का सुंदर उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व और त्योहार समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। अलग-अलग समाज और समुदाय जब एक साथ उत्सव मनाते हैं, तो आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना और मजबूत होती है। यही हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है। छत्तीसगढ़ में भी सभी समाजों ने अपनी परंपराओं और संस्कृति को सहेजते हुए प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने गरबा महोत्सवों में माताओं, बहनों और बेटियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मातृशक्ति की भागीदारी से ऐसे आयोजन और अधिक सुंदर तथा गरिमामय बनते हैं। नवरात्रि का पर्व हमें नारी शक्ति के सम्मान के साथ उनके प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी स्मरण कराता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना इसी संकल्प की महत्वपूर्ण कड़ी है। योजना के माध्यम से प्रदेश की लगभग 68 लाख माताओं-बहनों के बैंक खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता राशि सीधे अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना केवल आर्थिक सहायता की योजना नहीं है, बल्कि माताओं-बहनों के आत्मविश्वास और निर्णय लेने की उनकी स्वतंत्रता को मजबूत करने का माध्यम भी बनी है। हमारी माताएं-बहनें इस राशि का उपयोग अपनी दैनिक आवश्यकताओं, बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, बचत और परिवार की जरूरतों के लिए कर रही हैं। जब महिला आर्थिक रूप से सशक्त होती है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है।

गरबा महोत्सव हमारी आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का सुंदर संगम : मुख्यमंत्री

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जुरला खुर्द को बड़ी सौगात, 13 लाख की लागत से निर्मित महिला भवन व सामुदायिक भवन का लोकार्पण

किरण रविन्द्र वैष्णव एवं किरण विनोद बारले की मौजूदगी में जुरला खुर्द को मिली दो बड़ी विकास सौगातें

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव विकास खंड के ग्राम पंचायत जुरला खुर्द में महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए लगभग 6.50 व 6.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित महिला भवन व शीतला पारा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026 को विधिवत किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत राजनांदगांव की सभापति श्रीमती किरण विनोद बारले ने की। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा पूर्व महामंत्री श्री रविन्द्र वैष्णव व जिला पंचायत प्रतिनिधि श्री बिनोद बारले व मंडल महामंत्री श्री ललित साहू भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि महिला भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि गांव की महिलाओं के लिए संवाद, प्रशिक्षण, बैठक और सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ही परिवार, समाज और गांव का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों को महिला भवन की सौगात के लिए बधाई देते हुए भवन का सदुपयोग करने और इसकी स्वच्छता एवं देखरेख बनाए रखने की अपील की। साथ ही शीतला पारा में भी सामुदायिक भवन के लोकार्पण की बधाई दी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं जिला पंचायत सभापति श्रीमती किरण विनोद बारले ने कहा कि ग्रामीण विकास के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण भी जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता है।

अपराध को बचाने बैठा दिया है प्रशासन का भट्टा - रूपेश दुबे

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीएम हेल्पलाइन की आंकड़ों की जादूगरी व्यवस्था पर कहा कि जिस प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के विभाग पी डब्लू डी के 13 अधिकारियों को नोटिस मिले और उप मुख्यमंत्री के निर्वाचन जिला के राजस्व अधिकारी को निलंबित करना यह दर्शित करता है कि सी एम हेल्पलाइन गुमराह का सशक्त माध्यम हैं या कहे कि छ ग में प्रशासनिक आतंकवाद है। सी एम हेल्पलाइन ,प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्रीयो सहित विधानसभा अध्यक्ष के जिले में भी अधिकारी प्रमाणित अपराध के आरोपियों को बचाने एड़ी चोटी का जोर लगा कर सजग कलेक्टर के मनसूबों की धज्जी उड़ाए बैठे हैं। शासकीय पट्टे भी भूमि की अवैध खरीदी बिक्री पर पट्टे निरस्त कर भूमि को शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश 24 अगस्त से जारी किया गया है किंतु नायब तहसीलदार आज तक कार्यवाही नहीं किए है। एन आई सी से नामांतरण फर्जीवाड़ा करने वालो पर सितंबर 2025 से थाना कोतवाली में अपराध दर्ज है लेकिन तहसीलदार जानकारी नहीं दे रहे जिसके चलते आरोपी खुले में घूम कर कानून की हंसी उड़ा रहे हैं। ग्राम मोहंदी के सरपंच बिना पंचायत प्रस्ताव बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति 400 से अधिक शासकीय झाड़ काट बेच कर पैसा रख लिया एस डी एम इस गंभीर मामले में धीरे है इसी प्रकार एस सी वर्ग के गरीब परिवार की भूमि को फर्जीवाड़ा कर बिना सूचना दिए बिना तिथि निर्धारित किये 5 दिन में बाहरी को कब्जा दिला दिया इसी प्रकार 2024 से अतिक्रमण हटाने का आदेश उसके बाद 15 सितंबर 2026 को हाई कोर्ट से आदेश के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया एक उद्योग के खिलाफशिकायत सी एम हेल्पलाइन में किए जाने पर अधिकारी गोलमोल कर मामला दबाने का खेल किया है ऐसे दर्जनों मामले है जिससे छ ग सरकार की लचर प्रशासनिक व्यवस्था प्रमाणित है जिसके चलते सी एम हेल्पलाइन हेल्पलेस साबित हो रहा है।

सिंगरायटोला में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ, विधायक भोलाराम साहू हुए शामिल

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम सिंगरायटोला में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि खेल ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से युवाओं में अनुशासन, एकता, साहस और खेल भावना का विकास होता है। कबड्डी ग्रामीण अंचल का लोकप्रिय पारंपरिक खेल है, जो शारीरिक क्षमता, फुर्ती, साहस और सामूहिक समन्वय का परिचय देता है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के युवाओं एवं खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में मुकेश सिन्हा, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबागढ़ चौकी, रितेश मेश्राम, पार्षद अंबागढ़ चौकी, प्रताप धावड़े, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा किसान नेता उदेराम साहू, ग्राम सरपंच श्रीमती सविता हारमें, मिलाप दास साहू, विकास लाउत्रे, सीमा मानिकपुरी, बेनीराम साहू, भूपेन्द्र रामटेके, हरिदास अम्बादे, छगन लाल मेश्राम, काशीराम मंडावी, गौर सिंह कोमरे, एसआई कुंजाम, वीरेन्द्र कचलामें एवं नरेन्द्र सिंह कोमरे सहित प्रतियोगिता समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों की सहभागिता से प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उत्साहपूर्ण माहौल रहा।

छह दशक से इंदिरा नगर में विराजित हैं माँ दुर्गा, बदलते स्वरूपों में जीवंत प्रतिमाएं बनीं श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र

नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति की परंपरा को युवा पीढ़ी दे रही नई ऊर्जा, पूजा-अर्चना, मनोकामना ज्योति, सांस्कृतिक कार्यक्रम और भंडारे में शामिल होतें हैं श्रद्धालु

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी राजनांदगांव के हृदयस्थल इंदिरा नगर वार्ड क्रमांक 41 में माँ दुर्गा की आराधना की परंपरा लगभग छह दशक पुरानी है। यहां नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विगत 60 वर्षों से विभिन्न स्वरूपों में शक्ति स्वरूपा माँ जगदंबा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी क्षेत्रवासियों की आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बनी हुई है। प्रतिवर्ष अलग-अलग स्वरूपों में सजाई जाने वाली माँ दुर्गा की आकर्षक, नयनाभिराम और जीवंत प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहती हैं।

समय के साथ बदला प्रतिमाओं का स्वरूप, कायम रही आस्था

इंदिरा नगर के वरिष्ठ नागरिक, सियान एवं पूर्व पार्षद संतोष कुमार साहू तथा पंडा और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक गणेश देवांगन ने बताया कि इंदिरा नगर में लगभग छह दशकों से माँ दुर्गा की स्थापना की जा रही है। समय के साथ प्रतिमाओं के स्वरूप, सजावट और प्रस्तुति में बदलाव आता रहा है, लेकिन माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा और सेवा का भाव निरंतर बना हुआ है। पहले जहां वरिष्ठजन इस धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी संभालते थे, वहीं अब बस्ती के युवाओं को इसकी कमान सौंपी गई है। युवा पीढ़ी पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ इस परंपरा को आगे बढ़ा रही है।

पूजा-अर्चना और आरती में उमड़ते हैं श्रद्धालु

नवरात्रि के दौरान प्रतिमा स्थल पर सुबह और संध्या बेला में विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की जाती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माँ जगदंबा के दर्शन करते हैं और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना करते हैं। प्रतिमा स्थल पर श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति भी प्रज्वलित की जाती है, जो उनकी अटूट आस्था और विश्वास को दर्शाती है।

धार्मिक आयोजन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम

नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी आयोजित की जाती हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन मिलता है तथा बच्चों, युवाओं और नागरिकों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। नवरात्रि के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहता है और क्षेत्रवासियों में उत्सव का विशेष उत्साह दिखाई देता है।

महाप्रसादी भंडारे में ग्रहण करते हैं श्रद्धालु प्रसाद

माँ दुर्गा की आराधना के साथ महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन भी इस उत्सव का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें हलुआ, पूरी, सब्जी, चावल, दाल, कढ़ी और पापड़ सहित विभिन्न व्यंजनों की महाप्रसादी श्रद्धालुओं को वितरित की जाती है। बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर माँ का आशीर्वाद लेते हैं। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और सामूहिक सहभागिता का संदेश भी देता है।इंदिरा नगर में छह दशकों से चली आ रही माँ दुर्गा की स्थापना की यह परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होती आ रही श्रद्धा का प्रतीक है। वरिष्ठजनों के अनुभव और युवाओं के उत्साह के समन्वय से नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रही है। माँ जगदंबा के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन के लिए उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की आस्था इस परंपरा को आज भी जीवंत बनाए हुए है।

डोंगरगांव में 20 अक्टूबर को होगा भव्य रावण दहन

रामलीला, आतिशबाजी एवं लोक मंजरी की प्रस्तुति बनेगी आकर्षण

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर पालिका परिषद एवं डोंगरगांव जनमहोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप विजयादशमी के पावन अवसर पर 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार को कॉलेज मैदान में भव्य दशहरा उत्सव एवं रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नगर के वरिष्ठजनों एवं पार्षदों के साथ विचार-विमर्श कर आयोजन करने का निर्णय लिया गया. इस वर्ष आयोजन श्रीमती अंजू त्रिपाठी जी नगर पालिका अध्यक्ष के अगुवाई में किया जा रहा है जिसमें डोंगरगाव जन महोत्सव समिति का पूर्ण सहयोग है..समिति के द्वारा नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को अक्षुण्ण रखते हुए सभी वर्गों एवं राजनीतिक दलों को एक मंच पर जोड़ना है। कार्यक्रम में सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। विशेष रूप से सांसद संतोष पाण्डेय ,विधायक दलेश्वर साहू भरत वर्मा दिनेश गाँधी ,राजगामी सम्पदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू डॉ नीरेंद्र साहू (प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज)लक्ष्मी नारायण गुप्ता, स्वरूप चंद रामकिशन महेश्वरी अरुण जैन ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष टिकेश साहू सहित नगर के अन्य वरिष्ठजनों को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही नगर की सभी दुर्गा उत्सव समितियों एवं सरस्वती उत्सव समितियों के अध्यक्षों से भी आग्रह किया गया है कि वे प्रतिमा विसर्जन के पश्चात नगर की परंपरा के अनुरूप दशहरा मैदान में भगवान श्री के डोला एवं निशान के साथ आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करें।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण

भगवान श्री के डोला एवं निशान के साथ परंपरागत रावण वध।, भव्य एवं आकर्षक आतिशबाजी।, ग्राम कोहका की रामलीला मंडली द्वारा राम-रावण संवाद।, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा लोक मंजरी की भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी,कार्यक्रम विवरण 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार, स्थान: कॉलेज मैदान, डोंगरगांव, कार्यक्रम प्रारंभ: संध्या 6:30 बजे, रावण दहन: रात्रि 9:00 बजे डोंगरगांव जनमहोत्सव समिति एवं नगर पालिका परिषद परिवार ने नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर इस पारंपरिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

nandgaon times oct-19-4.qxd 10/18/2026 10:26 PM Page 2

संवेदनशील पत्रकारिता से मानवता की सेवा तक : कमलेश सिमनकर की प्रेरक यात्रा

वनांचल के वंचितों की आवाज बने, कोरोना काल में 1,800 लोगों को घर पहुंचाया और जरूरतमंदों की सेवा को बनाया जीवन का ध्येय

राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। पत्रकारिता का उद्देश्य केवल समाचारों का संकलन और प्रसारण नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं को सामने लाकर उनके समाधान की राह प्रशस्त करना भी है। संस्कारधानी राजनांदगांव के पत्रकार श्री कमलेश कुमार सिमनकर ने अपने कार्यों से पत्रकारिता के इसी जनहितकारी स्वरूप को साकार किया है। उन्होंने अपनी कलम से वंचितों की आवाज बुलंद की, वनांचल की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाया और जरूरतमंदों की सहायता कर समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

संघर्षों से सेवा तक का सफर

श्री कमलेश कुमार सिमनकर का जन्म 11 अप्रैल 1970 को राजनांदगांव के भरकापारा में हुआ। उनके पिता श्री स्व.एन.आर. सिमनकर थे। आर्थिक अभावों के बीच बीता उनका बचपन संघर्षपूर्ण रहा। छोटे भाई-बहनों की जिम्मेदारी निभाते हुए उन्होंने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की। जीवन के इन अनुभवों ने उन्हें अभावग्रस्त लोगों की पीड़ा समझने और उनकी सहायता करने की प्रेरणा दी। वर्ष 2003 में रायपुर से प्रकाशित संध्या दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ से उन्होंने पत्रकारिता की शुरुआत की। लगभग आठ वर्षों तक प्रिंट मीडिया में कार्य करने के बाद वर्ष 2011 में वे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़ गए। उन्होंने इंडिया न्यूज़, जीएनएन न्यूज़, इंडिया टीवी और एनडीटीवी के लिए राजनांदगांव जिला संवाददाता के रूप में कार्य किया। वर्तमान में वे न्यूज़ वर्ल्ड चैनल में जिला संवाददाता हैं। अपनी लगभग 23 वर्षों की पत्रकारिता यात्रा में उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पेयजल और सड़क जैसी बुनियादी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उनकी पत्रकारिता की विशेषता रही कि वे समस्याओं को उजागर करने के साथ उनके समाधान के लिए भी लगातार प्रयास करते रहे।

वनांचल के विकास के लिए सतत प्रयास

एक समय राजनांदगांव जिले के अनेक वनांचल गांव नक्सल प्रभावित होने के साथ ही बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव ग्रामीणों के जीवन को कठिन बना रहा था। श्री सिमनकर ने इन दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को समाचारों के माध्यम से शासन-प्रशासन के सामने रखा और अधिकारियों से निरंतर संवाद किया। मोहला-मानपुर विकासखंड के नवागांव, मेटातोड़के और डोडके जैसे गांवों में पेयजल संकट को उन्होंने प्रमुखता से उठाया। तत्कालीन कलेक्टर श्री अशोक अग्रवाल के समक्ष समस्या रखने के बाद प्रभावित गांवों में बोरवेल और हैंडपंप की व्यवस्था की गई। सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली पहुंचाने, आंगनबाड़ी केंद्र खोलने और स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने जैसे प्रयास भी किए गए। इसी तरह, तत्कालीन कलेक्टर श्री मुकेश बंसल के कार्यकाल में खैरागढ़ और छुईखदान विकासखंड के मलैदा, भावे, लक्ष्मण झिरिया और काशीबाहरा जैसे गांवों में सड़क निर्माण के प्रयास आगे बढ़े। श्री सिमनकर ने आदिवासी महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अस्वच्छ झोपड़ियों में रहने की विवशता से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद जिला प्रशासन ने प्रभावित महिलाओं को नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की। उनके निरंतर प्रयासों ने वनांचल की समस्याओं को मुख्यधारा में लाने और ग्रामीणों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कोरोना काल में मानवता की मिसाल

वर्ष 2020 में कोरोना महामारी और लॉकडाउन के दौरान श्री सिमनकर की सेवाभावना का उल्लेखनीय उदाहरण सामने आया। रोजगार की तलाश में दूसरे क्षेत्रों में गए मजदूर परिवार पैदल अपने गांव लौट रहे थे। राजनांदगांव पहुंचने के बाद दूरस्थ वनांचल गांवों तक जाने के लिए उनके

पास कोई साधन नहीं था।श्री सिमनकर ने मां पाताल भैरवी मंदिर एवं बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष और समाजसेवी श्री राजेश मारू के साथ मिलकर समिति के पिकअप वाहनों से दस दिनों में लगभग 1,800 श्रमिकों को उनके गांवों तक पहुंचाने में सहयोग किया। लॉकडाउन के दौरान करीब 450 परिवारों को सूखा राशन और हरी सब्जियां वितरित कीं। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों तक नि:शुल्क दवाइयां भी पहुंचाईं। उन्होंने मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में पीपीई किट पहनकर चिकित्सकों के साथ मरीजों की देखभाल में सहयोग किया। कोरोना संक्रमण से मृत लगभग 500 लोगों के अंतिम संस्कार में नगर निगम के कर्मचारियों के साथ भागीदारी निभाई। इनमें 17 ऐसे शव भी शामिल थे, जिनका अंतिम संस्कार उन्होंने स्वयं किया, क्योंकि उनके साथ कोई परिजन मौजूद नहीं था। भय और असुरक्षा के उस दौर में उनका यह योगदान मानवता, साहस और करुणा की अनुपम मिसाल बना।

सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

श्री सिमनकर अपनी समाजसेवा के लिए पत्रकारिता को महत्वपूर्ण आधार मानते हैं। श्री राजेश मारू के साथ मिलकर वे वर्षों से वनांचल के आदिवासी बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े, शॉल, कंबल और स्वेटर वितरित करते रहे हैं। मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल, राजनांदगांव में जरूरतमंद मरीजों को कपड़े उपलब्ध कराना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करना तथा अस्पताल में कार्यरत लगभग 70 आया महिलाओं को प्रतिवर्ष दीपावली पर साड़ियां वितरित करना उनकी नियमित सामाजिक गतिविधियों में शामिल है। उन्होंने श्री मारू के साथ छह निर्धन कन्याओं के विवाह में भी आर्थिक और आवश्यक सामग्री के रूप में सहयोग दिया है।सड़क पर असहाय अवस्था में पड़े मानसिक रूप से बीमार लोगों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाना भी उनकी सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वे ऐसे लोगों को साफ-सुथरे कपड़े पहनाकर अस्पताल में भर्ती कराने में मदद करते हैं। आवश्यकता होने पर प्रशासन और संबंधित विभागों के सहयोग से उन्हें बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर स्थित शासकीय सेंदरी चिकित्सालय पहुंचाने की व्यवस्था में भी सहयोग करते हैं। आवासहीन लोगों के व्यवस्थापन के लिए भी वे जिला प्रशासन और नगर निगम के साथ समन्वय करते रहे हैं। उनके लिए समाजसेवा किसी पद

या प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के प्रति मानवीय दायित्व निभाने का संकल्प है।

सम्मान से बढ़कर है जनविश्वास

हाल ही में नई दिल्ली में द लुसियाना रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा श्री कमलेश कुमार सिमनकर को पत्रकारिता तथा श्री राजेश मारू को समाजसेवा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। श्री सिमनकर की वास्तविक उपलब्धि केवल सम्मान और उपाधियां नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव है, जिनकी समस्याओं को उन्होंने आवाज दी और जिन्हें संकट के समय सहारा मिला। श्री कमलेश कुमार सिमनकर ने सिद्ध किया है कि जब पत्रकारिता संवेदनशीलता और सेवाभाव से जुड़ती है, तब वह समाज परिवर्तन की सशक्त शक्ति बन जाती है। उनकी जीवनयात्रा इस बात की प्रेरक मिसाल है कि सच्ची पत्रकारिता वही है, जो समाज की पीड़ा को महसूस करे और उसे दूर करने के लिए भी आगे आए। डॉ.वीरेंद्र बहादुर सिंह (वरिष्ठ पत्रकार)

गायत्री विद्यापीठ में भक्ति और उल्लास का संगम नन्हें कदम, माँ दुर्गा के संग

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। केशर नगर स्थित शिक्षा में विद्या का समन्वय इस ध्येय के लिए ख्याति प्राप्त जेएलएम गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर का प्रार्थना सभा में नौ दुर्गा के रूपों का विस्तृत वर्णन किया गया एवं शक्ति स्वरूपा माँ दुर्गा को नन्हें मुन्हें बच्चों ने उनके स्वरूप में प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया उसके पश्चात प्री प्रायमरी के बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बच्चों के आकर्षक परिधान और उत्साह ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों तथा अभिभावकों

ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में संस्कृति और परम्पराओं के प्रति जागरूकता लाना है। गरबा के माध्यम से भक्ति और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया इसके लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं नवरात्रि की शुभकामनाएँ। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल ने उपस्थित सभी बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि जहाँ भक्ति वहाँ शक्ति है। आज इन बच्चों ने गरबा करके पूरे विद्यालय को उर्जावान बना दिया। इससे भारतीय संस्कृति के प्रति उनका प्रेम झलकता है। मैं सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ एवं कार्यक्रम सफल बनाने के लिए सभी को बहुत-बहुत साधुवाद । इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, एवं विभागाध्यक्ष श्रीमती रंजीता कौर, श्रीमती छाया महाकालकर एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभागी बच्चों को उनके उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

हरडुवा में जस झांकी का आयोजन हुआ एवं तेरस को दशहरा मनाया जाएगा

घुमका (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम हरडुवा में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर नवदीप दुर्गा उत्सव समिति एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से जय मां शारदा नंदगया डोडकी जस झांकी का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती किरण विनोद बारले जनपद सदस्य चंद्रेश वर्मा बीजेपी मीडिया प्रभारी तोषन सिंहा न्याय समिति अध्यक्ष भाजपा नेता अश्वनी जंघेल ग्राम सरपंच गंगेश्वर वर्मा उप सरपंच डॉक्टर ऋषि वर्मा गया वर्मा हाई स्कूल उपाध्यक्ष रोहित वर्मा समिति अध्यक्ष जीवराखन वर्मा एवं गण मान्य की उपस्थिति में मां

दुर्गा की पूजा अर्चना कर आयोजन को गति प्रदान किया गया मुख्य अतिथियों का स्वागत सत्कार कर तोषण सिंहा ने अपनी बात रखते हुए कहा कि इस जगह पर 46 साल से मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापना की जा रही है यहां दुर्गा मंच जर्जर हो गए हैं जिसे अतिथियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए इस मंच को भवयारूप से बनाने एवं टाइल्स वगैरा लगाकर मंच का जिर्णोद्वार करने की अपील की रोहित वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 24 तारीख तेरस को गांव में दशहरा एवं घिना वाले का नाच पार्टी रखा गया है।

यदुवंशियों ने गौवंश के हत्यारों के विरूद्ध खोला मोर्चा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गौरी नगर में गत् सप्ताह हुई गौवंश की हत्या कर तस्करी में लिप्त दोषियों के विरूद्ध अब शहर के यदुवंशियों ने मोर्चा खोल दिया है। अपने आराध्य के प्रतीक के कटे सिर और

अपमान पर बिफरे समाज ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार घटना पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर दोषियों को सजा दिलाना इसलिए आवश्यक है कि इस प्रकार की गतिविधि और प्रवृत्ति की पुनरावृत्ति न हो। प्रत्यक्ष रूप से लिप्त आरोपियों सहित अप्रत्यक्ष रूप से लिप्त दोषियों को भी पर्दे के सामने लाया जाए। गौवंश के परिवहन एवं तस्करी में लिप्त वाहनों को राजसात कर प्रत्येक गतिविधि से यादव समाज को अवगत कराया जावे। सर्व यादव समाज के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में नेतृत्वकर्ता के रूप में महेश कुमार यादव, भोला यादव, रितेश यादव, शैल यादव, मंजू यादव, मीना यादव, नागेश, विजय, विनोद यादव (बंटी), राधे, दिलीप, मोहित, रिभय यादव सहित समाज के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

कमला कॉलेज में छात्राओं को दी डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक तकनीक की जानकारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य

में दो दिवसीय मेगा लाइब्रेरी एवं टेक अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया के मार्गदर्शन में ग्रंथालय एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को डिजिटल लाइब्रेरी और आधुनिक तकनीकी संसाधनों के उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पुस्तकालय के प्रति रुचि विकसित करना, नियमित अध्ययन की आदत को प्रोत्साहित करना और डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। पहले दिन 14 अक्टूबर को लाइब्रेरी अवेयरनेस क्विज, बुकमार्क और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही छात्राओं को ई.लाइब्रेरी के माध्यम से डिजिटल संसाधनों की खोज और उनके उपयोग के तरीके बताए गए। कार्यक्रम के दूसरे दिन 16 अक्टूबर को शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय के ग्रंथपाल परस राम ने अतिथि व्याख्यान दिया। उन्होंने छात्राओं को ओएनओएस, ओपैक, आरएफआईडी और पुस्तकालय विज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

नाम त्रुटि सुधार की सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हुस्न आरा पति मोहम्मद ईरशाद मेमन जिसे अंग्रेजी में नाम HUSNA AARA पति MOHAMMAD IRSHAD MEMON लिखा जाता है। मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम हिन्दी में सही अंकित है परन्तु अंग्रेजी नाम में मेरे नाम की स्पेलिंग HUSHN AARA त्रुटिवश अंकित है।

उक्त त्रुटि को सुधार कर अंग्रेजी में सही नाम HUSNA AARA राजपत्र के माध्यम से प्रकाशित किया जाना है। मुझे सही नाम से जाना पहचाना जावे।

हुस्न आरा (HUSNA AARA)
पति मोहम्मद इरशाद मेमन
निवासी - पुराना बस स्टैण्ड
राजनांदगांव (छ.ग.)

कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस मनाया गया, जागृति चुन्नी यदु ने महिला किसानों को किया सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय महिला किसान दिवस शक्ति, समर्पण और सम्मान के संदेश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती जागृति चुन्नी यदु शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला किसानों को सम्मानित किया तथा उनके परिश्रम, समर्पण और कृषि विकास में उनकी भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू सहित

कृषि एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विनम्रता जैन की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला किसानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्रीमती जागृति चुन्नी यदु ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं। खेती-किसानी से लेकर बीज चयन, बुवाई, रोपाई, फसल की देखभाल, कटाई और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण तक महिलाएं अपनी मेहनत और कुशलता से महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

नवरात्रि पर प्राथमिक शाला खपरीकला में कन्या भोज का आयोजन

छात्राओं को कराया गया भोज, श्रृंगार एवं लेखन सामग्री की किट भेंट कर दिया सम्मान और शिक्षा का संदेश

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शक्ति की आराधना और भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं के प्रतीक शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर प्राथमिक शाला खपरीकला में कन्या भोज का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्रधान पाठक श्रीमती निर्मला सिन्हा की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्राओं को सम्मानपूर्वक कन्या भोज कराया गया। साथ ही उन्हें श्रृंगार सामग्री एवं लेखन सामग्री की किट भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन और सम्मान करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। नवरात्रि के दौरान कन्या भोज के माध्यम से मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है।

इसी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय में छात्राओं के लिए यह विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के प्रति स्नेह, सम्मान और अपनत्व की भावना को प्रमुखता दी गई। उन्हें श्रृंगार सामग्री के साथ लेखन सामग्री प्रदान करने का उद्देश्य बालिकाओं को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देना भी रहा। इस पहल के माध्यम से धार्मिक परंपरा को बालिका सम्मान और शिक्षा के महत्व से जोड़ने का प्रयास किया गया। प्रधान पाठक श्रीमती निर्मला सिन्हा द्वारा किया गया यह आयोजन बालिकाओं के सम्मान, उनके उज्ज्वल भविष्य और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों, आपसी सद्भाव और सम्मान की भावना विकसित करने में सहायक होते हैं। इस आयोजन ने नवरात्रि के पावन संदेश को आत्मसात करते हुए बालिकाओं के प्रति सम्मान और शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही च्बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओज् जैसे संदेश को सार्थक बनाने की प्रेरणा भी दी।

संस्कार सिटी स्कूल में गरबा की धुन पर थिरके बच्चे और अभिभावक

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नवरात्र पर्व के अवसर पर संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में गरबा नाइट-2026 का आयोजन किया गया। बुधवार शाम पांच बजे से विद्यालय के ऑडिटोरियम प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों और शिक्षकों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। गरबा और डांडिया की धुन पर बच्चों के साथ माता-पिता भी जमकर थिरके। इससे पूरा परिसर उत्सवी माहौल में रंग गया।

आयोजन के लिए विद्यालय परिसर को आकर्षक रोशनी, फूलों और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था। विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक चनिया-चोली, कुर्ता-पायजामा और पारंपरिक आभूषणों में नजर आए। क्रिस्टल ऑडियो के डीजे पर गरबा और डांडिया की धुन बजते ही प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ

नृत्य शुरू किया। इस दौरान पूरे परिसर में भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन की ओर से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन के आधार पर विजेताओं का चयन किया। विद्यार्थी वर्ग की बेस्ट परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में जूनियर प्राथमिक स्तर पर तृषा बजरंग, माध्यमिक स्तर पर सुरभि राठौर और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिखा जोशी विजेता रहीं। अभिभावक वर्ग की बेस्ट परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में काजल घरडे ने प्रथम, मेधा तिमवार ने द्वितीय और ज्योति सेन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट कपल परफॉर्मेंस प्रतियोगिता में विक्रम सिंह एवं श्रद्धा सिंह की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शैलेष दमाहे एवं परी दमाहे द्वितीय तथा यशवंत साहू एवं तामेश्वरी साहू तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट कॉस्ट्यूम प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग से विक्रम सिंह और महिला वर्ग से कामता पैंकरा को विजेता चुना गया।

विद्यालय के प्रबंधक अतुल देशलहरा, आदित्य अग्रवाल एवं ऊहा अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई देते हुए सभी को नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या रेखा तिवारी एवं निर्णायक मंडल ने विजेताओं को प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। प्राचार्या ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही अभिभावकों और विद्यालय के बीच संबंधों को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में सभी ने सामूहिक गरबा किया और प्रसाद एवं स्वल्पाहार ग्रहण किया।

सप्ताह के सितारे (19 सितंबर 2026)
दैनिक शुभ राशि

सोम	1- 2- 8- 9	12-21-18-81-28-82
मंगल	2- 4 - 7 - 0	24-42-27-72-47-74
बुध	3- 5 - 7 - 8	57-75-58-85-78-87
गुरू	1- 4 - 5 - 9	14-41-15-51-45-54
शुक्र	2 - 5 - 7 - 8	17-71-25-52-48-84
शनि	3 - 4 - 6- 0	46-64-47-74-68-86

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 6 - 7 - 0
सप्ताह का वरदान -4 स्पेशल - 11- 32 -95 -65

सप्ताह में देखे

(1) 13 - 16 - 17 - 10 (6) 63 - 66 - 67- 60
(2) 23 - 26 - 27 - 20 (7) 73 - 76 - 77 - 70
(3) 33 - 36 - 37 - 30 (8) 83 - 86 - 87 - 80
(4) 43 - 45 - 47 - 40 (9) 93 - 96 - 97 - 90
(5) 53 - 56 - 57 - 50 (10) 03 - 06 - 07 - 00

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

(कल्याण)	(नाइट बाजार)
00-58-50-58-73-43	47-20-56-42-16
24-65-11-05-27-16	25-62-23-30-60
17-22-88-18-84-98	19-18-84-29-84
16-47-54-56-39-78	57-85-48-99-84
55-34-91-26-18-77	79-11-58-46-42

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

nandgaon times oct-19-4.qxd 10/18/2026 10:26 PM Page 3

ज्ञान मंथन

1) निर्वात में प्रकाश की गति और माध्यम में प्रकाश की गति के अनुपात को माध्यम----------क्या कहा जाता है?
2) बिहार की प्रसिद्ध मंजूषा कला का संबंध मुख्य रूप से किस भौगोलिक क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत से है?
3) हाल ही में रामसर स्थल के रूप में शामिल किया गया तवा जलाशय किस राज्य में स्थित है?
4) नौसैनिक अभ्यास कोंकण-26 भारत और किस देश के बीच आयोजित किया गया?
5) हाल ही में कर्नाटक की दूसरी महिला राज्यपाल डॉ. सुधा यादव को नियुक्त किया गया। कर्नाटक राज्य की पहली महिला राज्यपाल कौन थी?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) अपवर्तनांक (2) अंगप्रदेश (भागलपुर क्षेत्र) (3) मध्यप्रदेश (4) इंग्लैंड (5) वी एस रमादेवी

खैरागढ़ में झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा, दो क्लीनिकों में छापा; दस्तावेज नहीं मिलने पर नोटिस की तैयारी

खादी के क्लीनिक में मिलीं स्टेरॉयड और हाई डोज एंटीबायोटिक दवाइयां, छ्रू॥ह्र की चेतावनी के बाद विभागीय कार्रवाई तेज

खैरागढ़(नांदगांव टाइम्स)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में कथित झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (छ्रू॥ह्र) डॉ. अनिल कुमार शुक्ला की चेतावनी के बाद विभागीय टीम ने वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा और खादी में संचालित दो क्लीनिकों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान आवश्यक वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने की जानकारी सामने आई है। संबंधित क्लीनिक संचालकों को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया की जा रही है. स्वास्थ्य विभाग की जांच के दौरान खादी स्थित डॉ. राकेश वर्मा के वर्मा क्लीनिक में बड़ी मात्रा में एलोपैथिक दवाइयां मिलने की जानकारी सामने आई। इनमें स्टेरॉयड और हाई डोज एंटीबायोटिक दवाइयां भी शामिल बताई गई हैं। ऐसे में दवाइयों के स्रोत, भंडारण, उपयोग और वितरण से संबंधित नियमों की जांच महत्वपूर्ण हो गई है. विभागीय जानकारी के अनुसार, जांच दल ने साल्हेवारा क्षेत्र में वर्मा क्लीनिक के संचालक राकेश वर्मा तथा उइके क्लीनिक की संचालक खुशबू उइके के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान आवश्यक

दस्तावेज नहीं मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है. चिकित्सकीय योग्यता, पंजीयन और आवश्यक वैधानिक अनुमति के बिना मरीजों का उपचार करना जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। खासकर एंटीबायोटिक और स्टेरॉयड जैसी दवाइयों का अनुचित इस्तेमाल मरीजों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। हालांकि, केवल दवाइयां मिलने से उनके अवैध इस्तेमाल या मरीजों को गलत उपचार दिए जाने की पुष्टि नहीं होती। इसके लिए विभागीय जांच में सामने आने वाले तथ्यों और संबंधित दस्तावेजों के आधार पर निष्कर्ष निकालना जरूरी है।

सीएमएचओ की चेतावनी के बाद कार्रवाई, अब आगे क्या ?

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शुक्ला द्वारा पहले ही झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। अब साल्हेवारा और खादी में हुए औचक निरीक्षण को इसी अभियान की कड़ी माना जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग की चुनौती केवल क्लीनिकों का निरीक्षण करने तक सीमित नहीं है। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित संचालकों की चिकित्सकीय योग्यता, पंजीयन, क्लीनिक संचालन की अनुमति और दवाइयों की वैधानिकता की निष्पक्ष जांच करना भी जरूरी है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रक्तदान शिविर आयोजित, 10 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

पदमराज सिंह ठाकुर

क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। सेवा संकल्प अभियान के तहत युवाओं में मानव सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय, सहसपुर लोहारा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय कबीरधाम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए अपनी

सहभागिता निभाई।

शिविर में माय भारत के जिला युवा अधिकारी श्री राज पटेल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक श्री दानेश्वर पटेल ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। उनके मित्र एवं सहयोगी धनऊ कुमार ने भी आयोजन में सहयोग दिया। इस पहल के माध्यम से युवाओं को सामाजिक कार्यों में आगे आने और जनहित के अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया गया। शिविर में महाविद्यालय के 9 छात्र-छात्राओं और एक भूतपूर्व छात्र सहित कुल 10 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। साथ ही हीमोग्लोबिन स्तर और रक्त समूह की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को रक्तदान के महत्व से परिचित कराना और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहयोग देना था। शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान के प्रति जागरूक रहने और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की गई।

सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंजज् के अंतर्गत स्टार्टअप एवं इन्क्यूबेशन इकोसिस्टम पर एक दिवसीय व्याख्यान आयोजित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं इन्क्यूबेशन सेल के समन्वयक डॉ. संजय ठिसके के निर्देशन में, इन्क्यूबेशन सेल एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में च्सेवा संकल्प अभियानज्ज् के अंतर्गत च्सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज की भावना के अनुरूप ् विषय पर एक

दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के मुक्तिबोध सभागार में दिनाक 13 अक्टूबर 2026 को किया । कार्यक्रम को विकसित भारत अभियान से जोड़ते हुए युवाओं में नवाचार, उद्यमिता एवं स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि युवा शक्ति के नवाचार एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित कर विकसित भारतञ्2047 के संकल्प को साकार करने में उच्च शिक्षण संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं कार्यक्रम की संरक्षक डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं, नवाचार और उद्यमिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

श्याम सेवा महिला मंडल ने की कन्या पूजा

51 कन्याओं को कराया भोजन ...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्याम सेवा महिला मंडल ने क्वांर

नवरात्रि पर्व की पंचमी तिथि पर कन्याओं की पूजा की । 51 कन्याओं को देवी स्वरूप पूज कर उन्हें भोजन कराया गया । नगर की श्याम सेवा महिला मंडली ने नवरात्रि पर्व पर कन्याओं को मां की तरह सजाकर उनकी पूजा की ।51 कन्याओं को तिलक कर उनके पैरों में माहुर लगाने के बाद उन्हें रुचिकर भोजन परोसे गए । श्याम सेवा महिला मंडल की मीडिया प्रभारी श्रीमती ममता अवस्थी ने बताया कि पंचमी तिथि पर स्थानीय शीतला मंदिर में कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया गया । उक्त अवसर पर मंडल की अध्यक्ष सुषमा सिंह , उपाध्यक्ष सरल लोहिया , नम्रता अग्रवाल , मीना जिंदल , रोहिणी , प्रीति दीक्षित , ममता सोनी एवं रिंकू मिश्रा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

तहसील अधिवक्ता संघ की घोषित औपचारिक कार्यकारिणी रद्द

राजनांदगाव (नांदगांव टाइम्स)। विगत दिनों तहसील अधिवक्ता संघ राजनांदगांव की औपचारिक कार्यकारिणी की घोषणा की गई थी उसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है तहसील अधिवक्ता संघ राजनांदगांव की घोषित औपचारिक कार्यकारिणी रद्द हो गई है

गर्भावस्था के दौरान दी गई शिक्षा संस्कार का आधार बनती है- समयप्रभ सागर जी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गर्भावस्था के दौरान दी गई शिक्षा

संस्कार का आधार बनती है। अर्जुन ने भी गर्भावस्था में सुभद्रा को चक्रव्यूह तोड़ने की बात बताई थी किंतु चक्रव्यूह से वापस लौटने के बारे में जब जानकारी दी जा रही थी तब सुभद्रा सो गई थी जिसकी वजह से अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु केवल चक्रव्यूह ही तोड़ पाया, वह उससे बाहर नहीं निकल पाया। 卐 उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य समयप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने फरमाया कि माँ के गर्भ से ही बच्चों के संस्कार का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि एक राजा को अपनी प्रजा का हित पहले देखना चाहिए। उसे गुप्त रूप से प्रजा की समस्याओं की जानकारी लेकर उसका निदान करना चाहिए।

राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कम वसूली पर आयुक्त ने जताई नराजगी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। निगम सभागृह में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने वसूली की वार्डवार जानकारी लेकर कम वसूली पर नराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य के अनुरूप वसूली के लिए सभी बडे बकायादारो को दो दिवस के अंदर डिमाण्ड नोटिस तामिल करने कडाई से निर्देश दिए।आयुक्त श्री मरकाम ने बैठक में सभी सहायक राजस्व निरीक्षको से वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर कम वसूली के कारणो पर चर्चा किए। उन्होंने कहा कि 16 दिन

में मात्र 43 लाख की वसूली प्राप्त हुई है, जो कि बहुत कम है। हर माह की वसूली से ही निगम का वेतन भुगतान किया जाता है, इस तरह की वसूली करने से वेतन भुगतान में कठिनाई होगी। उन्होंने कहा कि गत दो माह में आप लोगो की मेहनत से अच्छी राजस्व वसूली प्राप्त हुई थी, पूर्व की समीक्षा बैठक में कम वसूली करने वाले कर्मचारियो को महापौर महोदय ने भी प्लानिंग कर अच्छा मेहनत कर वसूली करने के निर्देश दिए थे।

सहसपुर दल्ली में गरबा उत्सव की धूम, भक्ति गीतों पर थिरके श्रद्धालु

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नवरात्र पर्व के अवसर पर सहसपुर दल्ली में महाकाल ग्रुप की ओर से 14 एवं 15 अक्टूबर को दो दिवसीय गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। मां दुर्गा की आराधना को समर्पित इस

आयोजन में भक्ति, आस्था और लोकसंस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। पारंपरिक गरबा नृत्य और आकर्षक साज-सज्जा के बीच श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। गरबा की धुन पर थिरकते प्रतिभागियों ने पूरे आयोजन स्थल को उत्सवी रंग में रंग दिया। गरबा उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने मां दुर्गा की आराधना के साथ गरबा नृत्य किया। आयोजन स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता ने उत्सव को खास बना दिया। महाकाल ग्रुप की संरक्षिका एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चित्रलेखा वर्मा ने कहा कि गरबा उत्सव धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक एकजुटता का संदेश देता है।

पढ़ाई के साथ संस्कृति का संगम, इग्नाइट शाला वार्ड 39 में बच्चों ने दी गरबा की मनमोहक प्रस्तुति

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। हीरा मोती वार्ड क्रमांक 39 स्थित शासकीय प्राथमिक शाला च्इग्नाइटज् में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए गरबा नृत्य गतिविधि का आयोजन किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक गरबा की मनमोहक प्रस्तुति देकर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति रुचि विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा शिक्षा के साथ सह-शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रवि सिन्हा ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और

व्यक्तित्व को निखारने का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। गरबा जैसी सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, सामूहिक सहभागिता और अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करती हैं। कार्यक्रम में पूर्व छात्र एवं समाजसेवी डॉ. डी.सी. जैन तथा अमलेन्दुरु हाजरा विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाला प्रबंधन समिति के सदस्य आरती साहू, शशि मंडावी, अभय गोर, साक्षी मंडावी एवं सोनिया सोनकर सहित अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रधान पाठिका श्रीमती राबिया शादाब तथा शिक्षिकाओं पूनम सिंह, बबीता देवांगन, लीला मानिकपुरी एवं दुर्गा पंसारी द्वारा बच्चों की गरबा प्रस्तुति के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। साथ ही बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रोत्साहित करने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दीं।

धर्म समाचार....

मां दुर्गा के किस रूप ने किया था चंड-मुंड का संहार? ऐसे पड़ा देवी का नाम चामुंडा

हिंदू धर्म में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। मां दुर्गा को उनके अनेक स्वरूपों और दिव्य शक्तियों के लिए जाना जाता है। इन्हीं में से एक शक्तिशाली स्वरूप मां चामुंडा का है। मां चामुंडा का यह रूप उग्र, अत्यंत प्रभावशाली और कल्याणकारी माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां चामुंडा की पूजा करने से हर प्रकार के संकट दूर होते हैं और भक्तों की शत्रुओं एवं नकारात्मक शक्तियों से रक्षा होती है। इसके साथ ही घर में सुख, शांति और समृद्धि का आगमन होता है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार, देवी को चामुंडा इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने चंड और मुंड नामक दो शक्तिशाली असुरों का वध किया था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि मां दुर्गा ने चंड और मुंड का वध क्यों किया था और यह पौराणिक कथा क्या है? आइए विस्तार से जानते हैं चंड और मुंड के वध की कथा। पौराणिक कथा के अनुसार, प्राचीन काल में शुंभ और निशुंभ नामक दो राक्षसों ने तीनों लोकों में अत्याचार मचा रखा था। स्वर्ग पर अपना अधिकार स्थापित करने के लिए उन्होंने देवलोक पर आक्रमण कर दिया। इस स्थिति में सभी देवता भगवान विष्णु की शरण में पहुंचे और उन्हें शुंभ-निशुंभ के अत्याचारों के बारे में बताया। तब भगवान विष्णु ने देवताओं को मां पार्वती की शरण में जाने की सलाह दी। इसके बाद सभी देवता मां पार्वती की स्तुति और तपस्या करने लगे। देवताओं की भक्ति को देखकर मां पार्वती ने उनकी इस तपस्या का कारण पूछा। देवताओं ने शुंभ और निशुंभ के अत्याचारों से मुक्ति पाने के लिए अपनी व्यथा सुनाई। इसके बाद मां पार्वती के शरीर के तेज से मां कौशिकी प्रकट हुईं। जब शुंभ और निशुंभ को मां कौशिकी के प्रकट होने का समाचार मिला, तो उन्होंने अपने दो प्रमुख असुर सेनापतियों चंड और मुंड को देवी को बंदी बनाकर लाने के लिए भेजा। चंड और मुंड ने देवी को युद्ध के लिए ललकारा। जब देवी कौशिकी ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया, तो चंड और मुंड ने उन पर बल प्रयोग करने का प्रयास किया। इस पर देवी कौशिकी क्रोधित हो गईं और उनके भयंकर क्रोध के तेज से एक विकराल कन्या प्रकट हुईं। देवी के इसी उग्र स्वरूप ने चंड और मुंड का वध कर दिया। चंड और मुंड का संहार करने के कारण ही देवी के इस स्वरूप को मां चामुंडा कहा गया। दुर्गा पूजा के दौरान संधि पूजा के समय मां चामुंडा के इसी स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है।

इन लक्षणों वाले दोस्तों से रहें सावधान, आस्तीन के सांप होते हैं , पीठ पीछे करते हैं वार

जीवन में सच्चे दोस्तों का होना किसी वरदान से कम नहीं है। अच्छे दोस्त मुश्किल समय में हमारा साथ देते



हैं, सही सलाह देते हैं और हमारी सफलता पर खुश होते हैं। लेकिन हर मुस्कुराने वाला व्यक्ति आपका सच्चा हितैषी हो, यह जरूरी नहीं है। कुछ लोग दोस्ती का दिखावा करते हैं, लेकिन अपने स्वार्थ के लिए आपको नुकसान पहुंचाने से भी पीछे नहीं हटते। ऐसे लोगों को आम बोलचाल में आस्तीन का सांप कहा जाता है। आचार्य चाणक्य की नीतियों से भी मित्रों की पहचान की जा सकती है। आइए जानते हैं ऐसे 5 संकेत, जिनसे आप धोखेबाज और मतलबी दोस्तों को पहचान कर सकते हैं। कुछ लोग आपके सामने बहुत अच्छी बातें करते हैं। वे आपकी तारीफ करते हैं और हर बात में आपका समर्थन करने का दिखावा करते हैं, लेकिन आपकी गैरमौजूदगी में वही लोग आपकी बुराई करते हैं या दूसरों के सामने आपकी छवि खराब करने की कोशिश करते हैं। ऐसे व्यवहार वाले से सावधान रहना चाहिए। सच्चे दोस्त आपकी सफलता को अपनी खुशी समझते हैं। जब आपको कोई उपलब्धि मिलती है, तो वे दिल से बधाई देते हैं और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इसके विपरीत, मतलबी दोस्त आपकी सफलता को कम करके दिखा सकते हैं। वे आपकी उपलब्धियों में कमियां निकालेंगे या दूसरों के सामने आपकी मेहनत का श्रेय कम करने की कोशिश करेंगे। अगर कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा करता है, तो यह दोस्ती में प्रतिस्पर्धा का संकेत हो सकता है। दोस्तों के बीच हंसी-मजाक होना सामान्य बात है। लेकिन जब कोई व्यक्ति बार-बार आपकी कमजोरियों को सबके सामने उजागर करे और आपको शर्मिंदा करे, तो इसे सामान्य मजाक समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लोग अक्सर आपके विरोध करने पर कहते हैं कि वे तो सिर्फमजाक कर रहे थे।

nandgaon times oct-19-4.qxd 10/18/2026 10:26 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

स्वस्ति मेहुल जैन के भजनो से गूंजेगा म्युनिस्पिल स्कूल मैदान, एआई आतिशबाजी रहेगी आकर्षण का केन्द्र

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विजयादशमी पर्व के मौके पर इस वर्ष भी म्युनिस्पिल स्कूल मैदान में भव्य आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसग-सजय़ जनमहोत्सव समिति के द्वारा आयोजित होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में इस बार दिल्ली से स्वस्ति मेहुल जैन अपनी शानदार प्रस्तुति देने राजनांदगांव पहुंच रही है। कार्यक्रम में छत्तीसग-सजय़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिहं, सांसद श्री संतोष पाण्डेय, माहापौर श्री मधुसुदन यादवजी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अभिषेक सिंह जी, श्री अशोक शर्मा जी, श्री खुबचंद पारख जी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी ने बताया कि बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए छत्तीसग-सजय़ जन महोत्सव समिति के द्वारा इस बार व्यापक तैयारियां की जा







रही है। उन्होंने बताया कि आयोजन का यह शानदार 19 वां वर्ष है। श्री कोठारी ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने के लिए दिल्ली से स्वस्ति मेहुल जैन आ रही हैं, इन्हे एक प्लेबैक और भक्ति गायिका के रूप में पहचान मिली है उन्होने मशहूर राम भजन ''राम आएंगे तो अंगना सजाउंगी'',''जय जयंति शासनम्'', ''है मेरे गित तेरे राधा'', ''कृष्णा-उचयकृष्णा मधुरम-उचयमधुरम'' भजन गाए है साथ ही फिल्म बाला का गीत ''नाह गोरिये'' जो मिर्ची म्यूजिक अवार्ड्स 2020 मे नॉमिनेट हुआ था गाए एवं 2020 में ''कैसे कहे'' और 2022 में ''ओ भैया'' जैसे गाने रिलीज किये। इनके भजनों को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी अपने ट्वीटर हैण्डल में शेयर किया है। सौरभ कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुंबई के आतिशबाजो की टीम इस वर्ष भी बेहतरीन नयनाभिराम, रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी का प्रदर्शन करेगें। खास बात यह है कि आतिशबाजी में इस बार एआई तकनिक का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फिट का आकर्षक रावण होगा। समिति के मिडिया प्रभारी विनय बिंदल, अजय सोनी, रघु शर्मा एवं मुकेश शर्मा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्शको की सुविधा के लिए प्रतिवर्षानुसार आमंत्रण पत्र व नि:शुल्क पास वितरित किए जाएगें। इस वर्ष कुर्सीयों की संख्या ब-सजय़ाई जा रही है। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पास में गेट नंबर अंकित किये जायेंगे। इसके अलावा दर्शकों को फैमिली पास में परिवार के साथ ही प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम स्थल एवं प्रवेश द्वारों पर सीसीटीवी कैमरें भी लगाए जा रहे हैं साथ ही पार्कींग व्यवस्था हेतु पुतरी शाला, पुराना हास्पीटल एवं ओव्हर ब्रीज के निचे के स्थान को चिन्हीत किया गया है।

कन्या पूजन एवं भोज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। क्वांर नवरात्रि पर्व पर घर -घर व्रतियों

ने मां स्वरूप कन्याओं को पूजकर भोज के माध्यम से मनोकामना पूरी करने प्रार्थना का दौर शुरू किया । इसी अवसर का आकर्षक दृश्य।

डॉ. रमन सिंह को जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री तथा राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन

अशोक वाटिका फेस वन
- A PROJECT BY -
ANNAPURNA BUILDERS & ANNAPURNA TRADERS
Omprakash Sahu : 7974188831
Devyansh Sahu : 8305404726
अन्नपूर्णा ट्रेडर्स
NEAR FARHAD CHOWK, TOWARDS NAGPUR BYPASS ROAD, RAJNANDGAON

सिंह के जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

हाईकोर्ट की दखल के बाद दुर्गा सिन्हा की सेवा बहाली

जिला पंचायत ने जारी किया नया पदस्थापना आदेश

बिहान मिशन में बड़ी कार्रवाई: सेवा समाप्ति आदेश के बाद मिली राहत, डोंगरगढ़ विकासखण्ड के संकुल बोरतलाव में मिली नई पदस्थापना

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन च्बिहानज् के अंतर्गत संकुल चिचोला, विकासखण्ड छुरिया, जिला राजनांदगांव में पदस्थ पीआरपी (प्रेरक संसाधन व्यक्ति) दुर्गा सिन्हा को सेवा में बहाल कर दिया गया है। जिला कलेक्टर के आदेश के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा 16 अक्टूबर 2026 को बहाली एवं नवीन पदस्थापना संबंधी आदेश जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्गा सिन्हा की सेवाएं 11 मार्च 2026 के आदेश से समाप्त कर दी गई थीं। उक्त कार्रवाई के विरुद्ध उन्होंने कानूनी लड़ाई लड़ी और छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अपना पक्ष रखा। इस मामले में अधिवक्ता लवकुमार रामटेके, मोबाइल नंबर 9827480450, ने दुर्गा सिन्हा की ओर से हाईकोर्ट में पैरवी की। प्रकरण में हाईकोर्ट की कार्यवाही के बाद तथा जिला कलेक्टर के आदेश के आधार पर जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा दुर्गा सिन्हा को पुन: सेवा में बहाल करने की कार्रवाई की गई। जारी आदेश में पूर्व में जारी कार्यमुक्ति आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें नया कार्यक्षेत्र आवंटित किया गया है।

संकुल बोरतलाव में मिली नई जिम्मेदारी

16 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार, दुर्गा सिन्हा को विकासखण्ड डोंगरगढ़ के अंतर्गत संकुल बोरतलाव में पदग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश के साथ उनकी सेवा में वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

कानूनी प्रक्रिया से मिली राहत

यह प्रकरण सेवा संबंधी विवादों में कानूनी प्रक्रिया और न्यायिक हस्तक्षेप के महत्व को रेखांकित करता है। दुर्गा सिन्हा की सेवा बहाली से संबंधित आदेश ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े कर्मचारियों के लिए भी महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। अधिवक्ता का पक्ष: दुर्गा सिन्हा की ओर से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पैरवी करने वाले अधिवक्ता लवकुमार रामटेके ने मामले में कानूनी पक्ष प्रस्तुत किया। सेवा बहाली और नवीन पदस्थापना का आदेश 16 अक्टूबर 2026 को जारी किया गया। समाचार स्रोत: सेवा बहाली एवं पदस्थापना आदेश, दिनांक 16 अक्टूबर 2026। दुर्गा सिन्हा ने न्याय पालिका व संविधान पर भरोसा करते हुए सत्य की जीत बताया।

खैरागढ़ में 19 अक्टूबर को गूंजेंगे दिलीप षड़ंगी के जसगीत, दशहरा उत्सव में जमेगा भक्तिरस का रंग

राजा फतेह सिंह खेल मैदान में नगर दशहरा उत्सव समिति का आयोजन, सुप्रसिद्ध जसगीत गायक की प्रस्तुति को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। नगर दशहरा उत्सव के उल्लास के बीच खैरागढ़ में 19 अक्टूबर को भक्ति और लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी अपनी लोकप्रिय जसगीतों की प्रस्तुति देने पहुंच रहे हैं। उनके सुमधुर जसगीतों से आयोजन स्थल भक्तिमय माहौल से सराबोर होगा। दिलीप षड़ंगी छत्तीसगढ़ी जसगीत गायन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। उनके जसगीतों में माता की आराधना, भक्ति और छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उनकी प्रस्तुति श्रोताओं को भक्ति के रंग में रंगने के साथ ही पारंपरिक लोक संगीत से जोड़ती है। नगर दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में दिलीप षड़ंगी की मौजूदगी प्रमुख आकर्षण रहेगी। उनके लोकप्रिय जसगीतों को सुनने के लिए संगीत प्रेमियों और श्रद्धालुओं में उत्सुकता रहने की उम्मीद है। राजा फतेह सिंह खेल मैदान में होने वाला यह आयोजन दशहरा उत्सव की रौनक को और बढ़ाएगा तथा भक्ति संगीत के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत करेगा।

जनता परेशान, जनपद सदस्यों के नाश्ते पर लाखों खर्च! समस्याओं का निराकरण अब भी अधूरा

दो लाख रुपये से अधिक चाय-नाश्ते पर खर्च होने की चर्चा, ग्रामीणों की पेयजल, सड़क, नाली और सिंचाई की समस्याएं लंबित

खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)। ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के निराकरण और विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठकें अब सवालों के घेरे में हैं। एक ओर ग्रामीण पेयजल, सड़क, नाली और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं, तो दूसरी ओर बैठकों में उठाए गए मुद्दों का निराकरण नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। गुरुवार को आयोजित सामान्य सभा की बैठक के बाद जनपद सदस्यों के बयानों ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।जानकारी के अनुसार, बैठक में चाय-नाश्ते की व्यवस्था पर दो लाख रुपये से अधिक खर्च होने की बात सामने आई है। बैठक में केला, आधा सेब, साबूदाना खिचड़ी, रसगुल्ला और चाय परोसे जाने की जानकारी भी मिली है। हालांकि, खर्च की वास्तविक राशि और उसके मदवार विवरण की आधिकारिक पुष्टि आवश्यक है। सवाल यह है कि जब बैठकों में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान की अपेक्षा की जाती है, तो उन पर हुई चर्चा का परिणाम धरातल पर क्यों नजर नहीं आता?

नाश्ते का मेन्यू याद, समस्याओं के निराकरण का हिसाब नहीं!

जनपद सदस्यों की जिम्मेदारी केवल सामान्य सभा की बैठकों में शामिल होने तक सीमित नहीं है। उन्हें अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगने और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने की भी जिम्मेदारी निभानी होती है। लेकिन बैठक के बाद सामने आए बयानों से पता चलता है कि कई गांवों में समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। कुछ सदस्यों ने अधिकारियों पर समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया, तो कुछ ने बताया कि पिछली बैठकों में भी मुद्दे उठाए गए थे, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। ऐसे में सवाल उठता है कि सामान्य सभा में लिए गए निर्णयों और दिए गए आश्वासनों की समीक्षा आखिर किस स्तर पर की जा रही है?

अधिकारी आते नहीं, समस्याएं लिखकर चले जाते हैं: किरण मानिकपुरी

जनपद सदस्य किरण मानिकपुरी (कुलीकसा) ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सदस्य बार-बार समस्याएं उठाते हैं और विकास कार्यों की मांग करते हैं, लेकिन इसके बावजूद काम नहीं होता। अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने और पहुंचने पर समस्याएं दर्ज कर चले जाने के बावजूद निराकरण नहीं होने की शिकायत उन्होंने की। उन्होंने विशेष रूप से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। वहीं, जनपद सदस्य चंदूलाल वर्मा (खजरी) ने छिंदारी बांध से पानी नहीं पहुंचने, नालियों की मरम्मत, सड़कों पर गड्ढों और बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि

पिछली बैठक में भी इन समस्याओं को रखा गया था, लेकिन करीब दो महीने बाद भी समाधान नहीं हुआ। इस बार भी अधिकारियों की ओर से काम कराने का आश्वासन ही मिला।

56 लाख की पानी टंकी में दरार, ग्रामीणों को इंतजार

जनपद सदस्य लक्ष्मीबाई वर्मा (सोनपुरी) के पति देव कुमार वर्मा ने गांव में लगभग 56 लाख रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी में दरार आने और उसके चालू नहीं होने का मुद्दा उठाए जाने की जानकारी दी। उनके अनुसार, निर्माण के बाद से ही इस संबंध में सवाल उठाए जा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने गांव में नहर निर्माण का कार्य लंबित रहने की समस्या भी सामने रखी। यदि निर्माण के बाद पानी की टंकी में दरार आने और उसके उपयोग में नहीं होने की शिकायत सही है, तो इसकी तकनीकी जांच कर जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है। आखिर लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों को पेयजल सुविधा का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है?

सिंचाई के लिए पानी नहीं, खेतों में पड़ रहीं दरारें

जनपद सदस्य पुरुषोत्तम साहू (मुड़ीपार) ने प्रधानपाट बैराज में पानी की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि पर्याप्त पानी नहीं मिलने से किसानों की सिंचाई प्रभावित हो रही है और खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। उन्होंने सिंचाई का दायरा बढ़ाने के लिए पक्की नाली निर्माण की आवश्यकता भी बताई। इसी तरह खेमलता साहू (टोलागांव) ने गांव में पेयजल और नल कनेक्शन से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाए जाने की जानकारी दी। इन शिकायतों से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं अब भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं।

किसी को समस्या नहीं, कोई बैठक खत्म होने के बाद पहुंचा!

जनपद सदस्य मंजू वर्मा (भंडारपुर) से जब उनके क्षेत्र की समस्याओं और बैठक में उठाए गए मुद्दों के संबंध में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि फिलहाल उनके पास कोई समस्या नहीं आई है। वहीं, भूपेंद्र सिंह (चारभाठा) ने कहा कि वे बैठक में देर से पहुंचे और तब तक बैठक समाप्त हो चुकी थी। इसके अलावा शैलेंद्र मिश्रा (अकरजन), हेम कल्याणी तोड़े (टेकापारकला), महेश्वरी वर्मा (बैगाटोला) और गोपाल साहू (जुरला कला) के बैठक में अनुपस्थित रहने की जानकारी सामने आई है। इन स्थितियों के बीच यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि सामान्य सभा की बैठकों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति, सक्रिय भागीदारी और पिछली बैठकों में उठाए गए मुद्दों की समीक्षा किस तरह की जाती है। जनता अपने प्रतिनिधियों से समस्याओं को उठाने के साथ-साथ उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करने की अपेक्षा करती है।

संबंधित विभागों को पत्र लिखकर कराते हैं अवगत: सीईओ

इस संबंध में जनपद पंचायत खैरागढ़ के सीईओ हिमांशु गुप्ता ने कहा कि जनपद पंचायत के अधिकार क्षेत्र से बाहर के मामलों में संबंधित विभाग को पत्र लिखकर सदस्यों की आपत्तियों और प्रस्तावों से अवगत कराया जाता है। संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए पत्र भेजे जाते हैं। जनपद पंचायत की सामान्य सभा में ग्रामीणों की समस्याएं उठना जरूरी है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी उनका समयबद्ध निराकरण है। यदि हर बैठक में वही समस्याएं दोहराई जा रही हैं और ग्रामीणों को राहत नहीं मिल रही है, तो बैठक की उपयोगिता और अधिकारियों की जवाबदेही की समीक्षा होनी चाहिए। जनता को नाश्ते की व्यवस्था से नहीं, समस्याओं के समाधान से मतलब है। अब देखना यह है कि जनपद पंचायत की सामान्य सभा में उठाए गए मुद्दों पर संबंधित विभाग कब तक कार्रवाई करते हैं और ग्रामीणों को पेयजल, सड़क, नाली तथा सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ कब मिलता है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com